दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 21 सितंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 352

# एक्सिस बैंक डकैती मामले में 24 घंटे के भीतर रायगढ़ पुलिस को मिली अभूतपूर्व सफलता, सीएम बघेल ने छत्तीसगढ़ पुलिस को दी बधाई

## वारदात में शामिल बिहार गया शेरघाटी गैंग के 5 आरोपी हिरासत में, बैंक से लूट की गई शत प्रतिशत राशि 5 करोड़ 62 लाख के कैश और ज्वेलरी रिकवर

- पुलिस कंट्रोल रुम को आईजी अजय यादव और डीआईजी रामगोपाल गर्ग ने बना रखा था वार रुम
- एसएसपी सदानंद कुमार के नेतृत्व में रात भर चला आरोपियों के धरपकड़ का ऑपरेशन, रेंज के विभिन्न जिलों से ऑपरेशन में शामिल थे सायबर एक्सपर्ट अधिकारी
- एसपी बलरामपुर लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में नाकेबंदी पर लगी टीम ने देर रात क्रेटा कार और ट्रक से झारखंड भाग रहे आरोपियों को पकड़ा





**रायगढ़।** एक्सिस बैंक में हुई डकैती मामले में रायगढ़ पुलिस को 24 घंटे के भीतर अभूतपूर्व सफलता हाथ लगी है। रायगढ़ पुलिस टीम ने मामले में शत प्रतिशत बरामदगी करते हुये "शेरघाटी गैंग" बिहार के 05 डकैतों को कैश, गोल्ड, हथियार एवं घटना में प्रयुक्त ट्रक, क्रेटा वाहन के साथ हिरासत में लिया गया है। कल दिनांक 19/09/2023 की सुबह रायगढ़ जिले के ढिमरापुर रोड़ स्थित एक्सिस बैंक में हथियारबंद आरोपियों द्वारा डकैती की घटना को अंजाम दिए जाने की सूचना मिलते ही रायगढ़ रेंज डीआईजी रामगोपाल गर्ग, एसएसपी रायगढ़ सदानंद कुमार व जिले के अन्य पुलिस अधिकारीगण वारदात स्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया गया। तत्काल एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा जिले में नाकेबंदी लगवाई गई और सीमावर्ती जिलों से भी जानकारी साझा कर नाकेबंदी और आरोपियों की पतासाजी के पाइंट दिये गये। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वयं आईजी बिलासपुर अजय यादव तथा डीआईजी रामगोपाल गर्ग द्वारा कमान संभालते हुये अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया गया एवं आईजी अजय यादव द्वारा अन्य जिलों से काबिल अधिकारियों की टीम बुलाई गई। एसएसपी सदानंद कुमार के नेतृत्व में सर्चिंग एवं नाकाबंदी के लिए पृथक-पृथक टीमें बनाई गई। नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय को सम्पूर्ण जिले में नाकेबंदी एवं हॉटल, लॉज में बाहर से आये हुये व्यक्तियों के डाटाबेस जांच का कार्य दिया गया। एसडीओपी दीपक मिश्रा द्वारा सायबर, टावर डम्प/टेक्निकल एनालिसिस, ह्यूमन इंट संकलन का कार्य सौंपा गया। आईजीपी अजय यादव के निर्देशन पर रेंज से एडिशनल एसपी कोरबा अभिषेक वर्मा, टीआई अभिनव कांत सिंह, राकेश मिश्रा, एसआई प्रभाकर तिवारी, सागर पाठक, एएसआई हेमंत आदित्य, कांस्टेबल डेमन ओग्रे सायबर सेल कोरबा ने भी तत्काल रायगढ़ पुलिस के मिशन को ज्वाइन किया। सभी को अलग-अलग कार्य सौंपते हुए अधिकारियों द्वारा टीम को ब्रीफ किया गया। दूसरी ओर जिले के लॉज, ढाबा, टोल नाका की सघन जांच, पूर्व में लूट डकैती में शामिल आरोपियों की जांच पतासाजी में अलग-अलग टीमें लगी हुई थी।

जांच में जुटी टीम द्वारा एक्सिस बैंक के पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को चेक कर अपनी जांच को आगे बढ़ाया जा रहा था जिसमें पाया गया कि घटना को अंजाम देने हेतु आरोपियों द्वारा पूर्व से रेकी की जा रही थी तथा वारदात को अंजाम देने का समय भी सुबह का चुना गया जिसे कई दिनों से आरोपियों द्वारा बैंक कर्मियों के मूव्हमेंट को वॉच किया जा रहा था तथा वारदात को अंजाम देने पश्चात भागने के लिये भी पहले ही मार्ग का चयन कर रखे थे। फुटेज खंगालने पर पता चला कि संदेही द्वारा बाइक से एक्सिस बैंक से ढिमरापुर की ओर लगातार दो-तीन बार मूव्हमेंट किये हैं और एक बैग को वापस कहीं छोड़कर फिर बगैर बैग के वापस आते दिखे जिसे आगे सीसीटीवी चेक कर मिलान करने पर एक संदिग्ध क्रेटा कार जे.एच. 01–एफ.ई 8641 की जानकारी मिली जो कि आरोपियों को पकड़ने में महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुई। जिसकी पुष्टि ग्राम बनहर नहर में लावारिस हालत में मिले मोटरसाइकिल से हुई। मोटर सायकल में फर्जी नंबर का स्टिकर लगा हुआ था, चेचिस नंबर के आधार पर लावारिस मोटरसाइकिल के झारखंड सिमडेगा थाना क्षेत्र का होना पाया गया जिसके वाहन स्वामी से संपर्क करने पर वाहन स्वामी द्वारा वाहन की पहचान की गई। बनहर नहर से आगे आरोपियों के भागने के संभावित रास्तों का पता लगाते हुए टीम पीछा कर रही थी।

वहीं टोल नाके पर आरोपियों के एग्जिट और एंट्री की जानकारी जुटा रही टीम ने टेक्निकल डाटा एनालिसस पर पाया कि आरोपीगण पूर्व में 11 सिंतबर को रायगढ़ से उड़ीसा गये और फिर 18 सिंतबर को उड़ीसा रोड से रायगढ़ में दोबारा प्रवेश किया। आरोपियों के मूवमेंट को ट्रैक करते हुए आगे बढ़ रही टीम द्वारा लगातार वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी साझा किया जा रहा था। इसी दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने आरोपियों के मिले फूटेज और ग्राउंड रिपोर्ट के आधार पर उनके भागने के सम्भावित रास्तों को चिन्हिंकित कर झारखंड, बिहार और उड़ीसा के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया गया जिसमें आरोपियों के बिहार-गया के शेरघाटी गैंग के होने की जानकारी प्राप्त हुई। इस गैंग के द्वारा कोरबा जिले में सीएसईबी स्थित केनरा बैंक में डकैती मामले में भी शामिल होने की जानकारी की पुष्टि हुई। आरोपियों की पहचान होते ही नाकाबंदी और तगड़ी की गई। एसएसपी सदानंद कुमार ने सोनभद्र और रामानुजगंज के इलाके में नाकेबंदी हेतु संभाग के अधिकारियों से बात की। इस बीच एक टीम झारखंड और उड़ीसा तथा अन्य राज्यों में लगातार बनी हुई थी जहां अपने स्तर पर इंटेलिजेंस कलेक्शन किया जा रहा था।

इस ऑपरेशन के दौरान मध्य रात्रि को स्वयं आईजीपी अजय यादव, डीआईजी रामगोपाल गर्ग द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ को "वार रूम" बनाकर अधिकारियों व टीमों को लगातार दिशा निर्देश दिया जा रहा था जिसमें एसएसपी सदानंद कुमार, एसडीओपी दीपक मिश्रा, सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय, डीएसपी सुशांतो बनर्जी, डीएसपी निकिता तिवारी एवं रेंज से आये अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आईजी अजय यादव सर के नेतृत्व में ब्रेन स्ट्रार्मिंग कर आरोपियों के द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले सम्भावित सभी मार्गों की मैपिंग की गई जो टोल प्लाजा में उनके मूव्हमेंट के संबंध में मिली जानकारी पर आधारित थी। अत: सभी संबंधित जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सघन चेकिंग और नाकेबंदी के लिये सूचित किया गया। रायगढ़ एसएसपी सदानंद कुमार के द्वारा अपने पूर्व के स्थानीय आसूचना तंत्र को क्रियान्वित करते हुये संदिग्ध आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित की जिसके परिणाम स्वरूप संदिग्ध क्रेटा वाहन के रामानुजगंज क्षेत्र में स्पॉट होने की जानकारी मिली। तत्काल बलरामपुर पुलिस से जानकारी साझा किया गया। एसपी बलरामपुर लाल उमेद सिंह स्वयं नाकेबंदी की कमान संभाले हुए थे जिनकी सूझबूझ से संदिग्ध क्रेटा वाहन को कब्जे में लिया गया जिसमें 02 संदेही मौजूद थे। हिरासत में लेने के पश्चात संदेहियों से पूछताछ में अन्य आरोपियों की जानकारी मिली जो पीछे एक ट्रक ओडी 09 बी 3677 में आ रहे थे, जैसे ही ट्रक को रोकने के लिये पुलिस ने घेराबंदी की उसमें बैठे 02 संदेही भाग निकले। ट्रक चालक को पुलिस द्वारा फौरन हिरासत में लिया गया। आरोपी वाहन चालक से फरार हुये अन्य दो आरोपियों के संबंध में जानकारी ली गई जिसे अंबिकापुर साइबर सेल की टीम को साझा किया गया, टीम ने आगे रंका (पलामू) क्षेत्र में तैनात अपनी टीम को डिटेल शेयर किये, 02 आरोपियों को टीम ने बस में भागते हुए पकड़ा। हिरासत में लिये गये 05 आरोपियों से पूछताछ पश्चात विधिवत तलाशी ली गई, आरोपियों के पास से - एक देसी मेड राइफल, एक कट्टा, 08 कारतूस, क्रेटा वाहन जेएच 01 - एफ ई 8641, एक ट्रक ओडी 09 बी 3677 और आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किया गया मास्क, कई चाबियां की जप्ती तथा बैंक से लूट किए गए रूपयों आभूषणों की रिकवरी की गई है। आरोपियों द्वारा ट्रक के अंदर बोरियों में बैग से भरा रूपयों को छिपा कर रखा गया था। मामले में रायगढ़ पुलिस द्वारा शत प्रतिशत रिकवरी किया गया, बरामद रकम को स्थानीय एक्सिस बैंक मैनेजर के साथ बलरामपुर और रायगढ़ पुलिस के निरीक्षकों द्वारा गणना की गई। हिरासत में लिये गये गया बिहार के शेरघाटी इलाके के 05 डकैतों को रायगढ़ लाया गया है जिनसे उनके अन्य साथियों की डिटेल प्राप्त की गई है। पुलिस की टीम लगातार फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है। बिहार के गया शेरघाटी डकैत गिरोह के आरोपी अमरजीत कुमार और राजेश दास के संबंध में बिहार के कई जिलों में अपहरण, चोरी, लूट आदि के कई मामले सामने आये हैं। अन्य आरोपियों के भी कई राज्यों में लूट, डकैती जैसे वारदातों को अंजाम देने की जानकारी मिली है, रायगढ़ पुलिस द्वारा सभी राज्यों को जानकारी साझा कर आरोपियों के अपराधिक रिकार्ड भी प्राप्त किए जा रहे हैं। थाना कोतवाली रायगढ़ में आरोपियों पर डकैती व आर्म्स एक्ट की सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

आईजी बिलासपुर अजय यादव तथा डीआईजी रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन एवं एसएसपी सदानंद कुमार के नेतृत्व में एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा, एएसपी संदीप मित्तल, एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडेय, एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय, डीएसपी सुशांतो बनर्जी, डीएसपी निकिता तिवारी, डीएसपी के.के. वासनिक, निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रशांत राव आहेर, शरद चन्द्रा, आर्शीवाद राहटगांवकर, हर्ष वर्धन सिंह बैस, सुखनंदन पटेल, रामकिंकर यादव, कृष्णकांत सिंह, राकेश मिश्रा, अभिनवकांत सिंह, विजय चेलक, एस.आई. संजय नाग, कमल किशोर पटेल, सागर पाठक, दीपिका निर्मलकर, ए.एस.आई. इगेश्वर यादव, दिलीप बेहरा, रमेश शर्मा, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, बृजलाल गुर्जर, सतीश पाठक, लोमश राजपूत, रेणु मंडावी, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, उत्तम सारथी, मनोज पटनायक, जगन्नाथ साहू, संतोष जायसवाल, कोमल तिवारी, धर्नुजय बेहरा, विनय तिवारी, बालचंद राव, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, प्रशांत पडां, महेश पंडा, विक्रम सिंह, विकास प्रधान, सुरेश सिदार, नरेश रजक, रविन्द्र गुप्ता, नवीन शुक्ला, धनंजय कश्यप, पुष्पेन्द्र जाटवर, नंदू पैंकरा, सुरेन्द्र पोर्त, डेमन ओग्रे और प्रमोद सागर आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रक और ऑटो रिक्शा में भीषण टक्कर: एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत, 6 गंभीर

**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** ओड़िशा में कालाहांडी जिले के जूनागढ़ पुलिस स्टेशन के अंतर्गत देसीगांव गांव के पास एक ट्रक एवं ऑटो रिक्शा की आमने-सामने की टक्कर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि मृतकों में एक पिता , उसका बेटा और भतीजा शामिल है। सभी घायलों को गंभीर हालत में जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब ये लोग थुआमुल रामपुर से जूनागढ़ जा रहे थे।

### बेंगलुरु में आरएसएस कार्यकर्ता बनकर बदमाशों ने लूटा गोमांस, चार गिरफ्तार

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक पुलिस ने खुद को आरएसएस का कार्यकर्ता बताकर गोमांस लूटने और अपहरण करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में बेंगलुरु के औडुगोडी थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में गोमांस विक्रेता मोहम्मद और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 10 सितंबर को हुई। जावेद नामक व्यक्ति रामनगर से गोमांस लेकर बेंगलुरु के तिलकनगर जा रहा था। जावेद को आरोपी मोहम्मद द्वारा संचालित दुकानों सहित विभिन्न दुकानों में गोमांस पहुंचाना था। मोहम्मद के तीन सहयोगियों ने खुद को आरएसएस कार्यकर्ता बताते हुए बेंगलुरु में माइको लेआउट सिग्नल के पास वाहन को रोका। आरोपियों ने वाहन समेत जावेद का अपहरण कर लिया था। उन्होंने जावेद की रिहाई के लिए एक लाख रुपये की मांग की और बाद में 10,000 रुपये लेकर उसे रिहा कर दिया।

# लोकसभा में पास हुआ महिला आरक्षण बिल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा में लंबी चर्चा के बाद महिला आरक्षण बिल लोकसभा से पास हो गया है। लोकसभा में महिला आरक्षण बिल को लेकर पर्चियों से वोटिंग की गई। महिला आरक्षण बिल के पक्ष में 454 वोट पड़े जबकि विरोध में सिर्फ 2 वोट पड़े।

महिला आरक्षण बिल लोकसभा में दो तिहाई बहुमत के पास हुआ है। बिल पर चर्चा करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कुछ पार्टियों के लिए ये चुनाव जीतने का मुद्दा हो सकता है कि लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए ये राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि मान्यता का सवाल है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल पास हो जाने के बाद एक तिहाई सीटें मातृशक्ति के लिए आरक्षित हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस बिल के आने से देश की बेटियां न केवल नीतियों के अंदर अपना हिस्सा पाएंगी बल्कि नीति निर्धारण में भी अपने पद को सुरक्षित कर सकेंगी।

महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि दुनियाभर में महिला पायलटों की संख्या 5 फीसदी के करीब है लेकिन भारत में यह 15 प्रतिशत है। मुझे ये कहते हुए गर्व हो रहा है कि पिछले 10 सालों में महिला पायलटों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जब हम ये बिल लेकर आए तो कई महिला सांसदों ने कहा कि महिला आरक्षण देकर आधी आबादी को नीचा नहीं दिखाना चाहिए क्योंकि यहां की महिलाएं भी उतनी ही सशक्त हैं जितने यहां के पुरुष। उन्होंने कहा कि इस बिल के आने से देश की बेटियां न केवल नीतियों के अंदर अपना हिस्सा पाएंगी बल्कि नीति निर्धारण में भी अपने पद को सुरक्षित कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि जो कोई भी इस देश में पैदा हुआ है वो कभी भी यहां की महिलाओं को कमजोर समझने की भूल नहीं करेगा।

# श्री राम मंदिर को बम से उड़ाने की मिली धमकी, पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप



**अयोध्या (आरएनएस)।** यूपी के अयोध्या में स्थित भगवान श्री राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से जिला और पुलिस प्रशासन में हडक़ंप मच गया। दरअसल, 19 सितंबर की शाम को लखनऊ कंट्रोल रूम में किसी ने कॉल कर मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दे दी। धमकी मिलते ही लखनऊ और अयोध्या पुलिस सक्रिय हो गई और अयोध्या पुलिस ने श्री राम मंदिर के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिए। वहीं, धमकी देने वाले नंबर को पुलिस ने ट्रेस कर लिया, नंबर बरेली का निकला।

इसके बाद लखनऊ पुलिस ने बरेली पुलिस को कॉल कर धमकी देने वाले नंबर की जानकारी दी। जांच के दौरान पता चला कि नंबर बरेली के फतेहगंज पूर्वी के रहने वाले इटौरिया निवासी गिरीश के नाम पर दर्ज है। एसओजी और सर्विलांस की टीम रात में गिरीश के पर पहुंची।

गिरीश ने बताया कि जिस समय कॉल की थी, उस समय फोन उनके बच्चे के पास था। बच्चे की उम्र 14 साल है। वह 8वीं का छात्र है, पढ़ाई की वजह से उसने परिजनों से फोन लिया था। पुलिस की पूछताछ में छात्र ने बताया कि उसने यू-टयूब वीडियो देखकर मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। फिलहाल पुलिस छात्र को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# दक्षिण सूडान में सेना और नागरिकों के बीच झड़प में 10 लोगों की मौत

**जुबा।** पूर्वी दक्षिण सूडान में ग्रेटर पिबोर प्रशासनिक क्षेत्र (जीपीएए) के पोचल्ला शहर में दो दिन की झड़प के दौरान कम से कम 10 नागरिक और सुरक्षा अधिकारी मारे गए हैं।

दक्षिण सूडानी सेना के प्रवक्ता लुल रुई कोआंग ने बताया कि झड़पें तब शुरू हुईं जब सेना ने हिरासत से भागे एक अधिकारी का पीछा किया। उन्होंने कहा कि भागने वाला व्यक्ति अपने पूर्व कमांडर ओकोनी ओकवोम ओथोव के घर में छिप गया था, जो दूसरे स्टेशन पर तैनाती के आदेश से इनकार करने के बाद मई में ड्यूटी से भाग गया था। कोआंग ने दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा में एक साक्षात्कार में कहा, जब भी कोई सैनिक कोई अपराध करता है या वैध आदेशों की अवज्ञा करता है, तो वह जाकर ओकवॉम को रिपोर्ट करता है। एक सैनिक, जिसने गोला-बारूद और बंदूकें बेचीं और उसे गिरफ्तार कर लिया गया, सैनिक जेल से भाग गया और अपने (ओक्वोम) क्षेत्र में रिपोर्ट किया।

उन्होंने खुलासा किया कि जब सैनिकों को हिरासत से भागे अपने सहयोगी को दोबारा गिरफ्तार करने के लिए भेजा गया तो झड़पें हुईं।

कोआंग ने कहा, उस पर पूर्व कमांडर का समर्थन करने वाले सशस्त्र अन्युआक युवाओं ने हमला किया था, जो बाद में मारा गया था। इससे नाराज होकर हथियारबंद युवा सोमवार को बड़ी संख्या में आए और हम पर हमला किया, लेकिन उन्हें खदेड़ दिया गया।

# 1700 से अधिक हैं महिला सैन्य अधिकारियों की संख्या : सेना प्रमुख

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि सेना में महिला अधिकारियों की संख्या 1700 से अधिक है। उन्होंने कहा कि 740 महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन दिया गया है, जबकि 114 अधिकारियों को कमांड असाइनमेंट के लिए मंजूरी दी गई है। सेना प्रमुख ने कहा, अन्य रैंकों में, हमारे सैन्य पुलिस कोर में नियमित कैडर में 100 से अधिक लोग हैं और 100 नए लोग अग्निवीरों के रूप में शामिल हुए हैं। मंगलवार को पूर्व सेनाध्यक्ष (सीओएएस) और पंजाब के राज्यपाल दिवंगत जनरल सुनीथ फ्रांसिस रोड्रिग्स की याद में उनके 90वें जन्मदिन के अवसर पर सेना ने मानेकशॉ सेंटर में 'जनरल एसएफ रोड्रिग्स मेमोरियल लेक्चर' का आयोजन किया। व्याख्यान में सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने भाग लिया, जिन्होंने मुख्य भाषण दिया और सेना के अन्य वरिष्ठ सेवारत और अनुभवी अधिकारी भी इस मौके पर मौजूद थे।

सेना प्रमुख ने कहा कि हाल के रूस-यूक्रेन संघर्षों ने कुछ प्रमुख संकेतक सामने लाए हैं, जिन्होंने भारतीय सेना को युद्ध के समकालीन चरित्र और युद्ध के मैदान में निर्णायक लाभ अर्जित करने में गोलाबारी की प्रासंगिकता की सराहना करने में सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्धक्षेत्र में प्रौद्योगिकी की प्रधानता इस संघर्ष में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई है। उन्होंने दर्शकों को सेना प्रमुख के रूप में जनरल रोड्रिग्स द्वारा की गई प्रमुख पहलों की याद दिलाई। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि मेडिकल कोर के अलावा अन्य धाराओं में महिला अधिकारियों को शामिल करना पहली बार 1992 में शुरू हुआ, जब जनरल रोड्रिग्स सीओएएस थे।

उन्होंने यह भी याद किया कि कैसे जनरल रोड्रिग्स ने संयुक्त राष्ट्र के तहत विभिन्न कार्यों में भारतीय सेना के पदचिह्नों को बढ़ावा दिया। सेना प्रमुख ने कहा, यह उनके प्रयासों का परिणाम था कि संयुक्त राष्ट्र मिशनों में भारतीय सेना के जवानों की सदस्यता 1991 में केवल आठ कर्मियों से बढक़र 1992 में 1000 और 1993 में 6300 हो गई। आज, भारतीय 'ब्लू हेलमेट' लगभग 6000 हैं, जो देशभर में 11 मिशनों में तैनात हैं। उन्होंने कहा कि जनरल रोड्रिग्स एक अनुकरणीय सैन्य नेता और रणनीतिक विचारक थे, जो सैन्य नैतिकता, लोकाचार और मूल्यों का गहराई से पालन करते थे।

सेना प्रमुख ने कहा, जनरल रोड्रिग्स ने भारतीय सेना के आधुनिकीकरण योजना को तेजी से आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज का कार्यक्रम जनरल रोड्रिग्स द्वारा भारतीय सेना और राष्ट्र के लिए किए गए योगदान को याद करने के लिए एक उपयुक्त श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व सीओएएस के संस्मरणों के साथ हुई, जिसके बाद सेना प्रशिक्षण कमान (एआरटीआरएसी) के पूर्व जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) द्वारा युद्ध और मारक क्षमता के बदलते चरित्र पर व्याख्यान दिया गया।